तापमान

अधिकतम 22.9 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 23 दिसंबर, 2023



13 रामानुजन गणित के जादूगर: खत्री



14 श्रीमद्भागवत गीता दिखाती है सही रास्ता : निर्मल




## खबर संक्षेप

### अवैध खनन में जुर्माना न भरने पर मामला दर्ज

**गोहाना।** खान एवं भू विज्ञान विभाग की टीम ने बरोदा थाना के क्षेत्र में अवैध खनन पर एक ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया था। वाहन मालिक और चालक ने पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि, जुमार्ना, रायल्टी व खनिज की कीमत सरकारी खजाने में जमा करवाई नहीं करवाई। जुमार्ना भरकर वाहन छुड़वाने के लिए कार्यालय में संपर्क भी नहीं किया। अब खनन अधिकारी विकास चौहान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित खानपुर कलां मोड़ के निकट तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार जींद में गांव डिडवाड़ा का मोमीन घायल हो गया। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने साले इसुब के साथ गांव खानपुर कलां से गोहाना आया था। काम पूरा होने के बाद वे वापस गांव खानपुर कलां जा रहे थे।। रोहतक की तरफ से तेज रफ्तार में आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोमीन घायल हो गया। उसका साला उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गया।

### सैंया खेड़ा में भूमि विवाद में मारपीट

**गन्नौर।** सैंया खेड़ा गांव में जमीनी विवाद के चलते जेठानियों ने अपनी देवरानी की पिटाई कर दी। घायल महिला ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में सैंया खेड़ा निवासी सुमन ने बताया कि उनका जमीन को लेकर परिवार में विवाद चल रहा है। वह 21 दिसम्बर की दोपहर घर पर थी। इस दौरान मनजीत, शीला, जयंती व कोमल उसके घर आई और उसके साथ मारपीट शुरू दी। जाते हुए आरोपी महिलाएं उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई। गन्नौर थाना पुलिस ने महिलाओ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उदेशीपुर में ट्रांसफार्मर से सामान चोरी, केस

**गन्नौर।** उदेशीपुर गांव स्थित खेत मे लगे 16 केवी ट्रांसफार्मर से चोर समान चोरी कर ले गए। खेत मालिक ने चोरी की सूचना निगम को दी। जिसके बाद निगम एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में एसडीओ सचिन दहिया ने बताया कि उदेशीपुर गांव सिथत कर्ण सिंह के खेत मे 16 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। 16 दिसम्बर को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी कर ले गए। चोरी से निगम को 56500 रुपये का नुकसान हुआ है। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक लापता, नहर में गिरने का अंदेशा

**सोनीपत।** ककरोई से एक युवक लापता हो गया। अब पुलिस का पता लगा है कि युवक नहर पर गया था। युवक की तलाश की जा रही है। नहर का पानी भी कम करवाने का प्रयास कर रही है। ककरोई निवासी अमित (31) शादीशुदा है और एक बेटी का पता है। पुलिस को पता लगा है कि वह नहर में गिर गया था। जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही है।

### घर से नकदी व गहने चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** वेस्ट रामनगर में चोर एक घर में घुसकर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। मूलरूप से गांव चिडाना फिलहाल वेस्ट रामनगर निवासी संजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी पर गए थे और उनकी पत्नी अपने मायके गांव ककरोई चली गई। पत्नी सुबह घर वापस लौटी तो देखा कि गेट खुला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## ट्रक चालक व मालिक के हत्यारे को उम्रकैद अदालत ने बीस हजार जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय पराशर ने ट्रक चालक व मालिक की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को उम्रकैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दो साल अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। झज्जर के गांव बराही निवासी नितिन ने 30 अगस्त, 2020 को खरखौदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके पिता राजेश (51) ट्रांसपोर्टर का काम करते हैं। उन्होंने खरखौदा के सोनीपत मार्ग पर खेतों में प्लाट किराए पर ले रखा है। जिसमें तीन कमरे बने हुए है। उनके पिता राजेश अपना ट्रक प्लाट में खड़ा करते हैं। उनके पिता ट्रक चालक बिहार के जिला सिवान के गांव पट्टी लक्ष्मीपुर निवासी प्रकाश तिवारी के साथ रहते थे। 29 अगस्त, 2020 की रात को दोनों प्लाट में थे। रात को राड से हमला कर प्रकाश तिवारी की हत्या कर दी गई थी और उनके पिता राजेश को घायल कर दिया गया था। उनके पिता को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया था। बाद में उनको बहादुरगढ़ के अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनकी मौत हो गई थी। नितिन ने बताया था कि उनके ट्रक से बिहार निवासी रजनीश, मनीष और शकी को शराब भेजी जाती थी। कुछ दिन पहले शराब का ट्रक भेजा गया था। उसके बदले में रजनीश को 16 लाख रुपये उनके पिता को देने थे। रजनीश ने अपने रिश्तेदारी में भाई बिहार के समस्तीपुर के गांव रामपुर बराही निवासी दीपेश को उनके पिता के पास भेज दिया था कि जब तक 16 लाख रुपये नहीं मिलते हैं, यह उनके पास रहेगा। जब रुपये दे देंगे, इसको वापस बुला लेंगे। रात को दीपेश उनके पिता के पास था। नितिन ने पैसों के लेनदेन में हत्या का शक जताया था। उस पर ही हत्या का शक जताया गया था। वह उनकी बाइक व अन्य सामान लेकर भाग गया था। मामले में तत्कालीन एसआई देवेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी दीपेश को गिरफ्तार कर लिया था। उससे वारदात में प्रयुक्त राड को बरामद कर लिया था। पुलिस के अनुसार आरोपित दीपेश ने बताया था कि शराब का जो ट्रक भेजा था वह बीच रास्ते में पकड़ा गया था। राजेश उनसे शराब के 16 लाख रुपये की मांग कर रहा था। जिस पर उसने रात को दोनों पर रॉड से हमला कर दिया था और भाग गया था। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया था। मामले में सुनवाई के बाद अब एएसजे अजय पराशर ने आरोपित दीपेश को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को हत्या के मामले में उम्रकैद व 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया।



■ 2020 में खरखौदा में की थी झज्जर के राजेश व बिहार के प्रकाश तिवारी की हत्या

## मोबाइल छीनने के दो दोषियों को पांच-पांच साल की कैद व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ओल्ड डीसी रोड पर ढाबा के कारिंदे पर हमला कर मोबाइल छीनने के मामले में दो आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोनों दोषियों को पांच-पांच साल कैद व 25-25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने सुनाया फैसला

### ये था मामला

मूलरूप से मध्य प्रदेश निवासी पूर्ण सिंह ने 23 मार्च, 2020 को सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि वह बहालगढ़ में ढाबा चलाने वाले फाजिलपुर निवासी प्रवीन के पास करते हैं। वह अपने बीमार जीजा से मिलने के लिए सोनीपत अस्पताल में आए थे। वह उनसे मिलने के बाद पैदल ही आईटीआई चौक की तरफ जा रहे थे। जब वह ओल्ड डीसी रोड पर दीपक मंदिर के पास पहुंचे थे तो उसी दौरान बाइक पर आए दो युवकों ने उनसे पर्स छीनने का प्रयास किया था। उनके विरोध करने पर युवक उनके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने झपट मारी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनकी पहचान मूलरूप से गांव गांव पांची व फिलहाल कोट मोहल्ला निवासी शेखर व राजलूगढ़ी निवासी समुंद्र के रूप में हुई थी। पुलिस ने उनसे लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली थी।

### जुर्माना न भरने पर पांच-पांच माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाते उन्होंने शेखर व समुंद्र को पांच-पांच साल कैद व 25-25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा न करने पर पांच माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

## साइबर क्रिमिनल बने सिरदर्द, छह माह में 1 करोड़ 45 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत में साइबर ठग काफी ज्यादा सक्रिय हो रहे हैं। आए दिन साइबर ठगी के मामले सामने आते हैं और अनजान लोग अपनी गाढ़ी कमाई लूटा बैठते हैं। आलम ये है कि पिछले छह माह में 1 करोड़ 45 लाख रुपये के करीब राशि लोगों से ठगी जा चुकी है। ये आंकड़ा भी बड़ी ठगी का है, जिसमें पीड़ितों ने लाखों रुपये गंवाएं हैं। अगर इसमें छोटी ठगी को जोड़ दें तो ये रकम और बड़ी बन जाती है। ताजा मामला काठमंडी स्थित गांधी नगर निवासी प्रवीण वर्मा के साथ घटित हुआ। जहां टेलीग्राम पर मैसेज भेजकर फोटो लाइक करने के नाम पर कमाई का झांसा देकर युवक के 32.43 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर ठगों ने पहले कुछ रुपये भेजकर उन्हें विश्वास में लिया और फिर अलग-अलग खाते में नकदी डलवा ली गई।

■ काठमंडी के प्रवीण वर्मा से ठगे 32.43 लाख रुपये

जानकारी अनुसार काठ मंडी स्थित गांधी नगर निवासी प्रवीण वर्मा ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि बताया कि उनके टेलीग्राम पर 10 दिसंबर को लिंक आया था। जिसमें उन्हें ग्रुप में जोड़ने की बात लिखी गई थी। उन्हें बताया गया था कि वह कुछ फोटो भेजेंगे, उन्हें लाइक करने पर उन्हें रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए लाइक की गई फोटो का स्क्रीनशॉट लेकर उनके पास वापस उनके टेलीग्राम चैनल पर भेजना होगा। इस काम के लिए आपको 50 रुपये दिए जाएंगे। जिस पर उन्होंने फोटो लाइक की और स्क्रीन शॉट ले कर शेयर किए। इसके बाद ठगों ने 10 टास्क दिए। उसने पहले की तरह टास्क पूरे कर लिये। पहले के तरह उसे इस काम के भी पैसे दिए गए। लेकिन बाद में उन्हें कहा गया के आपको हम अपने चैनल के वीआईपी ग्रुप में जोड़ेंगे और आपको 20 टास्क दिए जाएंगे। उसकी भी पेमेंट इस तरह से की जाएगी। उनके नंबर को वीआईपी ग्रुप में जोड़ा गया और साथ ही उसका ऑनलाइन अकाउंट बनाया गया। इसके साथ उनकी आईडी बनाई गई। जहां उनके सभी अपडेट दिखाए गए। उन्हें विश्वास में लेने के लिए कहा गया कि यह रजिस्टर्ड साइट है और उनकी सभी एक्टिविटी पुलिस के सुपर विजन में रहती है। साथ ही कहा गया कि आपका पूरा रुपया पूरी तरह सुरक्षित है। इस तरह से उन्हें विश्वास में लेकर ठगों ने अलग-अलग समय में 32 लाख 43 हजार 879 रुपये ठग लिये। उन्होंने रुपये वापस मांगे तो उन्होंने कहा की आपकी राशि रुक गई है। इसके लिए पहले डेढ़ रुपये और ट्रांसफर करने होंगे। उन्हें शक हुआ तो पुलिस को अवगत कराया। जिस पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।



### 10 बार में ठगों के खातों में डाली राशि

पीड़ित ने ठगों के अलग-अलग खातों में दस बार में यह राशि डाली है। जिसमें उन्होंने 30 हजार रुपये लेकर 6.67 लाख रुपये डलवाए गए। टेलीग्राम पर मोटी कमाई का लालच देकर इस तरह की ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। साइबर ठगों का मकड़जाल लगातार फैलता जा रहा है। थोड़ी सी लापरवाही बरतते ही वह खाता खाली कर देते हैं। साइबर ठग मोटी कमाई का झांसा देकर लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प रहे हैं।

### छह माह में वारदात

- 28 नवंबर को टिकट आरक्षण पर कमीशन का झांसा देकर 19.22 लाख ठगे
- 8 नवंबर को गूगल मैप पर फाइव स्टार रेटिंग देने का टास्क पूरा करने का झांसा देकर 46.33 लाख रुपये ठगे
- 22 अक्तूबर को यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब कराने के नाम पर झांसे में लेकर 15.82 लाख ठगे
- 7 सितंबर को गूगल पर फाइल स्टार रिव्यू करने का झांसा देकर 4.78 लाख ठगे
- 16 अगस्त गन्नौर के युवक को ज्यादा कमाई का लालच देकर 3.44 लाख रुपये ऐंठे
- 20 जुलाई को साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर मैसेज भेजकर शिक्षिका से की 4.70 लाख रुपये की ठगी की
- 11 जुलाई को कंप्यूटर इंजीनियर को झांसे में साइबर ठगों ने की 50 लाख ठगे

### टेलीग्राम पर लिंक भेजने वालों से रहें सावधान

साइबर ठग व्हाट्सएप या टेलीग्राम पर लिंक या मैसेज भेजते हैं। इसके बाद कमाई करने का लालच देकर ठगी की जाती है। वह विश्वास जीतने के लिए शुरूआत में कुछ रुपये भी देते हैं। किसी तरह के लालच में आकर अपनी कमाई को न गंवाए।

**इंस्पेक्टर राजीव कुमार**, प्रभारी, साइबर थाना

## महिला आयोग की शिकायत पर विवि प्रोफेसर पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राठधना रोड स्थित निजी विवि में प्राध्यापक की संदिग्ध गतिविधि के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला आयोग की प्रदेश अध्यक्ष रेनू भाटिया की शिकायत पर विवि की महिला प्रोफेसर पर राई थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आयुक्त को शिकायत देने के बाद कार्रवाई की गई है।

### उत्पीड़न का आरोप

प्राध्यापिका पर छात्राओं के मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगा था। महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने विवि में विवादित लेक्चर देने वाले प्रोफेसर व छात्राओं को डेटिंग एप चलाने की सलाह देने पर महिला प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कहा था। उन्होंने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक व सोनीपत के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखे थे। जिसमें लिखा गया था कि 7 नवंबर को आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने राठधना रोड स्थित एक विश्वविद्यालय का दौरा किया था। पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में विवि में लगाई गई एक अन्य कक्षा का हवाला दिया गया है जिसमें महिला प्रोफेसर ने छात्राओं को एक डेटिंग एप डाउनलोड करने की सलाह देने की बात कही थी। साथ ही छात्राओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया था। आयोग ने मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए मामले में पुलिस को कड़ी कार्रवाई के लिए लिखा था। अब पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन के आदेश पर राई थाना पुलिस ने महिला प्रोफेसर के खिलाफ भादंसं की धारा 509 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले को लेकर राई थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में गहनता से जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी।




■ प्रोफेसर ने छात्राओं को डेटिंग एप का प्रयोग करने की दी थी सलाह

## सीटू ने की मैस कर्मियों को पक्का करने की मांग

**सोनीपत।** डीसीआरयूएसटी मुरथल में कार्यरत मैस कर्मचारियों की जनरल बॉडी मीटिंग प्रधान राजेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन राकेश झा ने किया। मीटिंग में सात हॉस्टलों के कर्मचारियों ने हिस्सेदारी की और विश्वविद्यालय मुरथल प्रशासन द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ लाम बंद होकर, आंदोलन तेज करने की योजना बनाई। मीटिंग को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि लंबे समय से मैस कर्मचारीयों का शोषण लगातार जारी है। उन्होंने मांग की की मैस कर्मचारियों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, जब तक पक्के नहीं किए जाते, 26000 रुपए न्यूनतम वेतन लागू किया जाए, श्रम कानून शक्ति से लागू किए जाएं, वर्दी भत्ता बढ़ाया जाए व अन्य मांगों को जल्द पूरा किया जाए।



सोनीपत। मांगों को लेकर बैठक करते कर्मचारी।

## बिजली कर्मियों पर हमला करने वालों पर केस दर्ज करने की मांग

**गन्नौर।** एचएसईबी श्रमिक संघ हरियाणा के बैनर तले बिजली विभाग के गढ़ी ााारा रोड स्थित कार्यालय में सचिव जितेन्द्र के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने बिजली चैकिंग करने गई टीम पर जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी के मामले में कार्यालय बंद कर रोष जताया। इसके बाद एसडीएम को कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि अगर दो दिन के अन्दर पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार नहीं करती तो मिनी सचिवालय के गेट पर धरना शुरू कर देंगे। सचिव जितेन्द्र ने कहा कि उनकी ज्ञापन में मांग है कि भावर गांव में बिजली विभाग के जेई नीरज व एएलएम सतीश बिजली चोरी की जांच के लिए गए हुए थे। इस दौरान कर्मचारियों के मोबाईल भी तोड़ दिए। इसके अलावा धमकी देते हुए कहा कि अगर गांव में भविष्य में भी आए तो जान से मार देंगे। कर्मचारियों ने मांग करते हुए कहा कि भावर निवासी रोहित ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की है। उस दौरान विभाग का कर्मचारी रोहित खुम्भी फार्म में चैकिंग के दौरान बिजली चोरी करने की वीडियो बना रहे थे तो रोहित, जोगेन्द्र, राकेश ने अपने साथियों के साथ हमला किया।



गन्नौर। गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना देते बिजली कर्मचारी।

## तीन दोस्तों का अपहरण, महिला और उसके दो साथियों पर आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ केजीपी जीरो प्वाइंट से ली थी लिफ्ट, अपहरण किया

■ गाजियाबाद ले गए बंधक बनाकर लाखों रुपये खाते में डलवाए

■ करनाल के रहने वाले शिशुपाल के साथ वारदात, केस दर्ज

केजीपी पर जीरो प्वाइंट से स्कॉर्पियो गाड़ी सवार तीन दोस्तों से लिफ्ट लेकर महिला व दो युवकों ने पिस्तौल दिखाकर उन्हें काबू कर लिया। आरोपी उनका अपहरण कर गाजियाबाद में ले गए और बंधक बनाकर उनके डेबिट कार्ड से 70 हजार रुपये निकाल लिये। साथ ही दबाव बनाकर परिजनों से भी एक लाख रुपये फोन-पे व आठ लाख रुपये खाते में डलवा लिए गए। बदमाशों ने उनसे 9.70 लाख रुपये के साथ ही सोने की चेन और अंगूठी लूट ली। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। करनाल के घरौंडा के वार्ड-11 निवासी शिशुपाल ने राई थाना पुलिस को बताया कि वह 18 दिसंबर को अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर अपने साथी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव रठोल निवासी हरिओम तथा कैथल के गांव माजरा निवासी कूटा सिंह के साथ मथुरा जमीन देखने जा रहे थे। वह तीनों किसान हैं। जब वह रात को केजीपी जीरो प्वाइंट पर पहुंचे तो वहां एक महिला व दो युवकों ने उनसे लिफ्ट मांगी। जिस पर उन्होंने तीनों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। जब वह केजीपी टोल से आगे पहुंचे तो पीछे बैठे युवकों ने उन पर पिस्तौल तान दी थी। वह तीनों दोस्तों का अपहरण कर गाजियाबाद में सुनसान स्थान पर ले गए थे। वहां उन्हें एक कमरे में बंधक बना लिया। उन्होंने उनकी सोने की चेन व तीन अंगूठी लूट ली। बाद में उन्होंने पिस्तौल दिखाकर रुपये की मांग की। उन्होंने उनके डेबिट कार्ड लेकर 20 व 50 हजार रुपये निकाल लिए। उसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। हमला कर उन्होंने घर फोन कर खाते में रुपये डालने का दबाव बनाया। उन्होंने परिजनों से एक लाख रुपये फोन-पे पर व आठ लाख रुपये एक खाते में डलवा लिए। बाद में 20 दिसंबर की रात को उन्हें सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। जिस पर वह गाड़ी लेकर अपने घर पहुंचे। उसके बाद राई थाना में आकर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने लूट, दबाव बनाकर रुपये मांगने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराने का आरोप

का आरोप है कि उन्हें गाजियाबाद में कमरे में बंधक बनाकर रखा गया था। लूटपाट व दबाव बनाकर रुपये लेने के साथ ही उनसे स्टांप पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिए गए। उन्हें स्टांप के भी गलत प्रयोग की आशंका है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूर्नामेंट में कन्या महाविद्यालय ने बाजी मारी



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूनार्मेंट प्राचार्य डॉ दर्शना दहिया के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। टूनार्मेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को तृतीय स्थान के लिए मुकाबला जाट कॉलेज रोहतक और सैनी कॉलेज रोहतक के बीच खेला गया। जिसमें 28 के मुकाबले 25 अंक के स्कोर से जाट कॉलेज ने रोहतक में तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला कन्या महाविद्यालय खरखौदा व टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत के बीच हुआ। कड़े मुकाबले में 19 के मुकाबले 24 के स्कोर से मेजबान कन्या कॉलेज ने प्रथम स्थान और टीकाराम पीजी कॉलेज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेटवर्क महिला का ट्रायल मैच भी करवाया गया जिसमें कन्या कॉलेज खरखौदा, जाट कॉलेज रोहतक, टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत, एमकेजेके व अन्य टीमें हिस्सा ले रही है।

## गामंडी के पास पराली के ढेर में आग लगी

**गोहाना।** गन्नौर-गोहाना मार्ग स्थित गांव गामंडी के निकट सीएनजी पंप के पास पराली के ढेर में अज्ञात कारण से आग लग गई। कर्मचारियों ने पंप को बंद कर दिया। राहगीरों ने दमकल विभाग गोहाना में सूचना दी। गोहाना और आसपास के केंद्रों फायरब्रिगेड की आठ गाड़ियां मंगलवार कर आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने तक लगभग आधी पराली जल गई। गामड़ी के धर्मबीर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पशु चारे के लिए लगभग 120 एकड़ की पराली को कटवाकर ढेर लगा रखा है। शुक्रवार शाम को अज्ञात कारण से पराली के ढेर में आग लग गई। राहगीरों ने दमकल विभाग की टीम को सूचना दी। पराली के ढेर के निकट सीएनजी का पंप है। कर्मचारियों ने पंप को बंद कर दिया। गोहाना, रोहतक, गन्नौर, सोनीपत और राई से फायरब्रिगेड की गाड़ियां मंगवाई गई। आग पर काबू पाने तक लगभग आधी पराली जल गई।



एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।



बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती है।



# भविष्य में इन क्षेत्रों में होंगे सबसे ज्यादा नौकरी के अवसर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## डिग्री नहीं प्रतिभा चाहिए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।



## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर



### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।




## शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

## इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

**लिखित परीक्षा** **फिटनेस टेस्ट** **मेडिकल चेकअप**

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# परीक्षा में सफलता पाने के लिए ठोस योजना और उचित प्रबंधन जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा की तैयारी में सफलता प्राप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण है एक ठोस योजना बनाना जो समय का उचित प्रबंधन करे। छात्रों को अपने समय को विभिन्न विषयों में संरचित रूप से वितरित करना चाहिए ताकि सभी विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। नियमित रूप से स्वतंत्र अध्ययन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थिनी न केवल पाठ्यक्रम को समझने में सक्षम होती हैं बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से सोचने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता भी विकसित होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना भी अच्छा होता है। योग, प्राणायाम, और सही आहार के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे वे परीक्षा के समय तनाव मुक्त रह सकते हैं।

## आत्म निरीक्षण और सुधार की क्षमता बनाना जरूरी

अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, परीक्षा की तैयारी में आत्म-निरीक्षण और सुधार करने की क्षमता को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से छात्र स्वयं को और अधिक सुधारते हैं और अपनी कमजोरियों पर काम करने का समर्थन करते हैं। छात्रों के लिए अध्ययन में ध्यान केंद्रित करना एक कठिन चुनौती हो सकती है, लेकिन इसका महत्वपूर्ण होना यहाँ तक है कि एक सशक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है। इस प्रक्रिया में कई कारकों का ध्यान रखना आवश्यक है जो छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं। "एक स्वस्थ और व्यावसायिक धारिता बनाए रखना। अच्छी नींद, सही आहार, और योग्यता नुस्खों का पालन करना छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है, जिससे उनका ध्यान बढ़ता है। समय का सही तरीके से प्रबंधन करना भी आवश्यक है। एक ठोस अध्ययन योजना बनाना, विषयों को समय सीमा के अनुसार विभाजित करना और अध्ययन के लिए नियमित अवधि निर्धारित करना छात्रों को अध्ययन में स्थिरता बनाए रखने में मदद कर सकता है। मनोबल को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच और स्वास्थ्यपूर्ण मनोबल वाले छात्र अध्ययन में अधिक लगाव दिखा सकते हैं और सामने आने वाली मुश्किलों का सामना करने में सफल हो सकते हैं। सहायक साधनों का उपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। तकनीकी साधनों का उपयोग करके, छात्रों को सीधे और संगठित तरीके से अध्ययन करने में मदद हो सकती है, जिससे उनकी दृष्टि और ध्यान स्थिर रह सकते हैं। छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने के लिए सकारात्मक और योग्यता नुस्खों का पालन करना, समय प्रबंधन, सही मनोबल बनाए रखना और सहायक साधनों का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। इन उपायों का अनुसरण करने से छात्र अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल हो सकते हैं और अध्ययन को एक सकारात्मक और उत्साहयुक्त अनुभव बना सकते हैं।

## दबाव हटाने के लिए ये टिप्स अपनाएं

**परीक्षा का समय आते ही छात्रों के चेहरे पर एक अजीब सा दबाव छा जाता है, लेकिन कुछ उपायों के माध्यम से वे इसे सही तरीके से संभाल सकते हैं।**

**सही योजना तैयार करें:** परीक्षा की तैयारी के लिए एक सही योजना तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना उनकी पढ़ाई को व्यवस्थित रूप से करने में मदद करेगी और उन्हें आत्म-नियंत्रण प्रदान करेगी।

**अधिक चिंता ना करें:** चिंता करना केवल समस्याओं को बढ़ाता है। छात्रों को यह याद रखना चाहिए कि वे जो कुछ भी कर सकते हैं, उन्हें यह विश्वास करना चाहिए।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** नींद, खानपान, और व्यायाम का सही समर्थन छात्रों को परीक्षा के दौरान स्थिति को संतुलित रखने में मदद करता है।

**सकारात्मक सोच बनाएं:** नकारात्मक सोच से बचने के लिए छात्रों को अपने आत्म-समर्पण को मजबूत करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

**आत्म-समर्थन:** अगर कोई छात्र परीक्षा दबाव का सामना कर रहा है, तो उसे अपने मित्रों, परिवार से या शिक्षकों से सहायता मांगने का साहस करना चाहिए।

**इन सारे तरीकों का अनुसरण करके छात्र परीक्षा के दबाव को सही तरीके से निभा सकते हैं और एक सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक और माता-पिता छात्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और जब ये दोनों मिलकर छात्रों को स्थायी तनाव से बाहर निकालने में सहायक होते हैं, तो यह उनके शिक्षा के अनुभव को सकारात्मक बना देता है।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### बच्चों को स्कूल बैग केले व बिस्कुट दिए



सोनीपत। इनरव्हील क्लब सोनीपत द्वारा माता जीजाबाई स्कूल, ब्रह्म क्लोनी में सेमिनार आयोजित किया गया। क्लब प्रधान सुषमा दहिया ने बच्चों को परोपकार, कठिन परिश्रम करने के लिए उदाहरण सहित समझाया गया, क्लब की सचिव सुखदा नागपाल ने ज्योत से ज्योत जगा कर प्रेरणा स्त्रोत गीत गाया। बच्चों ने साथ-साथ गाकर समां बांध दिया। क्लब के गणमान्य सदस्या पावन माला ने नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु कहानी सुनाकर प्रेरित किया।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की जर्सी



**खरखौदा।** राजकीय वमावि सिसाना में 147 जरूरतमंद छात्रों को समाजसेवियों द्वारा जर्सियां प्रदान की गई। प्राचार्य भूदेव ने बताया कि समाजसेवी सांपला निवासी जगमोहन गर्ग, आशीष शर्मा, देवीदत्त व सुंदर गिरधारी दास ने ठंड के मौसम को देखते हुए 147 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की हैं। समय-समय पर समाजसेवी जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### करियर काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ



**सोनीपत।** जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को ऋषिकुल विद्यापीठ में करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने किया। उपायुक्त ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों में कड़ी मेहनत करने की लग्न तथा अनुशासन का होना जरूरी है, इन सबको आत्मसात करके ही अच्छा मुकाम हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि उन्हें अपने जीवन में अपनी पसंद का कैरियर चुनकर लक्ष्य निर्धारित कर अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए।

### बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालू



**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी गांव के शिव मदिंर से मोक्षदा एकादशी के उपलक्ष्य में बाबा श्याम के भक्तों का महिला एवं पुरूषों का जत्था चुलकाना में बाबा श्याम के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। पैदल जत्थे का नेतृत्व नरेन्द्र राठी, जयभगवान राठी, कृष्ण, मनीषा, पूजा, बलराम, अजीत, त्रिलोकचंद शर्मा, निर्मला देवी, अमित, धर्मबीर, काला, अजीत के नेतृत्व में बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए रवाना हुआ।

### गीता विद्या मंदिर महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस पर गतिविधियां करवाई

# गणित प्रश्नमंच में शिवाजी सदन ने मारी बाजी

### प्राचार्य ने विद्यार्थियों को गणित के प्रति रूचि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया

रिजुल व पावनी ने गीत से गणित विषय की विशेषताएं बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गीता विद्या मंदिर महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए विविध गतिविधियां करवाई गई। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। छात्रा गर्विषा व तनिशा ने रामानुजन का परिचय दिया। आचार्य मुनेष व छात्रा प्राची, हंसिका ने द्वारा गणित को रोचक बनाने व महत्व समझाने के उद्देश्य से कविताओं का वाचन किया। रिजुल व पावनी ने गीत के माध्यम से गणित विषय की विशेषताएं बताई। प्रश्नमंच में शिवाजी सदन प्रथम, दयानंद द्वितीय और चाणक्य तृतीय स्थान पर रहा। अंशिका, नीति व रीधि ने आकर्षक नृत्य किया। महम रोड स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में गणित संबंधित गतिविधियां करवाई गईं। शिक्षक कृष्ण जागलान ने विद्यार्थयों को जीवन के हर क्षेत्र गणित के महत्व को समझाया। प्राचार्य पूजा राणा ने विद्यार्थियों को गणित के प्रति रूचि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। नकुल, दीपांशु, सागर, आयुष, वर्षा, तमन्ना, रिया, हन्नी, रिद्धि ने रामानुजम के जीवन पर प्रकाश डाला।



गोहाना। प्रसन्नचित मुद्रा में विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में इशिका, शुभम- दीपिका की टीम प्रथम

### जवाहर लाल नेहरू स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में गुरुवार को गणित सप्ताह के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डा. सचिन शर्मा ने की। संयोजन सह निदेशक राजकुमार एवं उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। जूनियर वर्ग में इशिका, शुभम और दीपिका की टीम पहले स्थान पर रही।

प्रतीक, हितेश और प्राची की टीम को दूसरा स्थान मिला। राम, देवांश और समीर की टीम तीसरे स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में प्रिंस, निकिता व नितिन पहले, आकाश, सुमित व वंश दूसरे और विजय, मोहित व आशीष तीसरे स्थान पर रहे। इशांत, तनिष्का, मुक्त, प्रिंस, अग्रिम और प्रतीक का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। प्रतियोगिता में मनजीत लठवाल, सोनिया शर्मा, ज्योति बांगड़, शांति, नीलम, नीति जैन, हरीश सैनी, सोनू शर्मा और विजय चौहान का योगदान रहा।

## रामानुजन गणित के जादूगरः खत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दिवस पर स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को इस दिवस व महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के बारे में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था। बहुत कम समय में इस दुनिया को छोड़ देने वाले रामानुजन ने अपने काम से गणितीय इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया। उनकी याद में देश में हर साल 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। साउथ पॉइंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित खत्री ने बताया कि आज के समय में सभी क्षेत्र में गणित का बहुत महत्व है। साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने विद्यार्थियों को बताया कि इस दिन देश और दुनिया के सभी गणित विशेषज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणित के लिए दिए गए योगदान को याद करते हैं।



सोनीपत। गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए।

### विद्यार्थियों ने मैथमेटिक्स क्विज में किया अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन

सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती 'नेशनल मैथमेटिक्स डे' के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मैथमेटिक्स क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों सदनों गंगा, यमुना,कृष्णा और कावेरी के बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। मैथमेटिक्स क्विज में कृष्णा सदन की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया। स्कूल के



चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने मैथमेटिक्स क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महान गणितज्ञ की जयंती मनाई

- ओम शांति शिक्षा सदन में जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में ओम शांति शिक्षा सदन में श्री निवास रामानुजन भारतीय महान गणितज्ञ की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यार्थियों ने रामानुजन की जीवनी और उनके द्वारा हल की गई गणितीय संकल्पनाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया।

अनेको चित्रों और चार्यों के माध्यम से उनके द्वारा किए गए कार्यों को बच्चो के सामने रखा। सभी छात्र राष्ट्रीय गणित दिवस पर रामानुजन से सम्बन्धित जानकारी पाकर बहुत प्रसन्न और आश्चर्यचकित थे कि महान गणितज्ञ इतनी कम आयु में हमें अथाह जानकारी का खजाना देकर गए। प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने छात्रों के प्रयास की सराहना की। प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने भी छात्रों को गणित की रोचक जानकारी देकर सबको विस्मित कर दिया। कार्यक्रम में साइंस से लोकेश, शिवम, सुशील, नवनीत, आदित्य, ईशांत आदि मौजूद थे।



राई। ओम शांति स्कूल के छात्र जयंती कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ।

### लाल डोरे के सर्वे का पता लगाने की मांग

हरिभूमि ▶▶| गन्नौर

गांव भोगीपुर के युवक ने लाल डोरे के अन्दर किए गए सर्वे में मकान की रजिस्ट्री व अन्य जानकारी न मिलने पर परेशान होकर मुख्यमंत्री को सीएम वींडों से शिकायत दी। शिकायत में गांव के नरेन्द्र ने बताया कि पिछल्ले दिनों उनके गांव में मकानों की रजिस्ट्री के लिए सर्वे करवाया गया था। अब मकानों का रजिस्ट्रेशन भी हो गया है। वे अपने मकान का इन्द्राज दर्ज होने के लिए बीडीपीओं कार्यालय व सरपंच के पास चक्कर काट रहे है लेकिन कोई जानकारी नही देता। शिकायत में बताया कि हरियाणा सरकार के निदेशार्नुसार लाल डोरा मुक्त हेतू सर्वे कराया गया है। इस बारे में सरपंच कोई जानकारी नही दे रहा है।

## खेलों में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

- मदीना पैंथर्स की टीम ने चार विकेट से जीता क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत शुक्रवार को गांव मदीना में क्रिकेट मैच करवाया गया। मदीना पैंथर्स की टीम ने चार विकेट से मदीना टाइगर्स की टीम को हराया। एसीपी नरेंद्र खटाना ने विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। गांव मदीना के ग्राम प्रहरी एएसआई संजय पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्रिकेट मैच करवाया गया। मदीना टाइगर्स की टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन बनाए। मदीना पैंथर्स की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 11.2 ओवर में छह विकेट गंवा कर 115 रन बनाए और चार विकेट से मैच जीता। विजेता टीम में खिलाड़ी जयवीर, राकेश, अजमेर, रिंकू, सुनील, मोहन, रिंकू, काला, मोनू, सुमित व वजीर रहे। पुलिस के खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। ग्राम प्रहरी संजय ने विजेता टीम को ट्राफी भेंट की। एससीपी नरेंद्र खटाना, बरोदा थाना के प्रबंधक रमेश कुमार व अपराध शाखा गोहाना के प्रभारी धीरज ने विद्यार्थियों और युवाओं को खेलकूद में ज्यादा भाग लेकर नशे व अपराध से बचने के लिए जागरूक किया। नशा तस्करों का सामाजिक बहिष्कार करने का आह्वान किया। सरपंच अमित आदि मौजूद रहे।



गोहाना। विजेता टीम के खिलाड़ी फोटो : हरिभूमि



गोहाना। ग्रामीणों को विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिलवाते।

### लाभार्थियों में वितरित किए चिरायु और प्रॉपर्टी कार्ड

**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव भावड़ पहुंची। इस दौरान गांव की दो ग्राम पंचायतों भावड़ बूरा और भावड़ कालीकरण में पंचायत समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने लोगों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए और ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों में चिरायु कार्ड, प्रोप्रटी कार्ड और पेंशन पत्र वितरित किए गए। यात्रा गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। यात्रा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी और एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाए गए। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सोनिया मोर, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष फूल खरब, सुधीर मलिक, सरपंच बिजेन्द्र कुमार, सरपंच रामधारी, प्रदीप मलिक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बीपीएल परिवारों का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जुआ गांव के लघु सचिवालय पर चल रहे धरने को शुक्रवार को कांग्रेसी विधायकों और नेताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार, बरोदा हलका विधायक इंदुराज नरवाल, अशोक सरोहा आदि ने जुआं के बीपीएल परिवारों की मांग को जायज ठहराया।

इस दौरान धरने का नेतृत्व कर रहे जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि 36 दिनों से धरना जारी है। कई बार अधिकारियों को प्लॉट पर कब्जा दिलवाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन बीपीएल परिवारों को न्याय नहीं मिल रहा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने धरने का समर्थन करते हुए कहा कि गांव में बीपीएल परिवारों के साथ खेल खेला जा रहा है, जोकि सरकार की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अगर सोमवार तक प्रशासन कब्जा कार्रवाई का कार्य शुरू नहीं करता तो बुधवार को महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें 50 गांव के बीपीएल परिवार भाग लेंगे। इस मौके पर रमेश, सचिन, प्रदीप, लारा, सुंदर, सुशील, जागेंद्र आदि ने भी संबोधित किया।



सोनीपत। जुआं के ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंचें कांग्रेसी नेता।



गोहाना। विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### तीन टंगी दौड़ में प्रियांश और प्रयंक की जोड़ी प्रथम

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में कनिष्ठ वर्ग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्य प्रीति शर्मा ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। 25 मीटर दौड़ में चिराग ने प्रथम, परिणाज ने द्वितीय व अनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन टंगी दौड़ में प्रियांश व प्रियंक ने प्रथम, करण व जयदीप और अंशिका व अविका ने द्वितीय और अनिरुद्ध व अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नींबू चम्मच दौड़ अमायरा व रुही ने प्रथम, नव्या व अदिति ने द्वितीय और साक्षी व नमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ में श्रेयांश, सात्विक व आकांश प्रथम और काव्या, यशिका, कार्तिक व चिराग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जेंटलमैन रेस में सात्विक, मेहताब, अविराज और हनी पहले स्थान पर रहे।

### जिला परियोजना कार्यान्वन इकाई की मासिक बैठक

# विद्यार्थियों में पठन कौशन बढ़ाने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला परियोजना कार्यान्वन इकाई (डीपीयू) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज बाल्याण ने की। बैठक में निदेशालय से राज्य परियोजना क्रियान्वन इकाई (एसपीआईयू) के परियोजना प्रबंधक उद्यान सान्याल भी मौजूद रहे। बैठक में विद्यार्थियों के पठन कौशल को बढ़ाने पर मंथन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पठन स्तर को बढ़ाने के लिए विद्यालय, संकुल, खंड व जिलास्तर पर एक प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिससे बच्चों को प्रवाहपूर्ण पठन में निपुण बनाने पर बल दिया जाएगा। इसे मिशन रफ्तार का नाम दिया गया है।

जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने निदेशालय की तरफ से जारी किए गए नवंबर माह के स्कोर कार्ड पर चर्चा की। उन्होंने फरवरी माह में होने वाले एंडलाइन एसेसमेंट सर्वे के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सोनीपत में निदेशालय को 55 फीसदी विद्यार्थियों के निपुण होने का टारगेट दिया है, उसको पूरा करने के लिए सभी खंडों की तरफ से योजना तैयार करने व योजना का क्रियान्वन करने का आग्रह किया है। बैठक में अन्य पहलुओं जैसे अध्यापकों की तरफ से शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, कक्षा कक्ष में कार्य पुस्तिकाओं का सही से प्रयोग और समय पर उनकी जांच, पिछड़ रहे विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं व अतिरिक्त समय, कक्षा कक्ष में कक्षा वार दक्षताओं का विवरण पर भी चर्चा की गई।



सोनीपत। डीईईओ कार्यालय में डीपीयू की मासिक बैठक में एंडलाइन एसेसमेंट सर्वे के बारे में बताते जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा व मौजूद अधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

परियोजना प्रबंधक उद्यान सान्याल ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व खंड समन्वयकों को समय रहते अपना विद्यालय निरीक्षण टारगेट और फरवरी माह में होने वाले एंडलाइन असेसमेंट सर्वे को गंभीरता से लेने की हिदायत दी। इस मौके पर जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र छिकारा, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड रिसोर्स समन्वयक मौजूद रहे।

## खेलों के महत्व से करवाया अवगत

- दिल्ली विद्यापीठ में वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

देवडु रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ में आज वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चों में खेलो के प्रति रुचि और जोश दोनों ने दिखाई दिए। विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल समारोह के शुभारंभ दिवस के मुख्यातिथि पार्षद मुकेश सैनी ने अन्य गणमान्य अतिथियों दुलीचंद (रिटायर्ड हेड मास्टर), वारिदत्त , रोहित कुमार (चेयरमैन तेजस कॉन्वेंट स्कूल), तरुण देवीदास (सीएम विंडो समाधान सहयोगी), रवीत, भूषण, रितेश ढीलो, प्रमोद कटारिया, हरीश चंद्र, बलवान सिंह, संजय, एमबी माथुर (फाउंडर मेम्बर) एवं वीर सिंह सैनी (संचालक दिल्ली विद्यापीठ) की उपस्थिति में बच्चो को खेलो से महत्व से अवगत कराया। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात मशाल प्रज्वलन के बाद देश भक्ति कार्यक्रम लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो डांस प्रस्तुत किया गया जिसमे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



सोनीपत। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी बच्चे।

**खबर संक्षेप**

### युवक पर लगाया पत्नी से दुर्व्यवहार का आरोप

**गोहाना।** गांव बीधल के ग्रामीण ने एक युवक पर उसके बेटे पर धारदार हथियार से हमला करने और उसकी पत्नी से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि एक युवक उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। गुरुवार को उसके 12 वर्ष के बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला किया। उसकी पत्नी आई तो उससे दुर्व्यवहार किया। उसकी पत्नी से हाथापाई की।

### मकान में शराब की बोतलें फेंकने का आरोप

**गोहाना।** गांव बुसाना के अनिल ने उसके घर के अंदर शराब की बोतलें फेंकने का आरोप लगाया। एक बोतल उसके सिर में लगने से उसे चोट लगी। वह शिकायत लेकर गया तो आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। अनिल ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर में खाना खा रहा था। बाहर से अचानक दो बार शराब की बोतलें फेंकी गई। एक बोतल उसके सिर में लगी। वह शिकायत लेकर पड़ोसी उसे गाली देने लगा। तीन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। स्वजन उसे नागरिक अस्पताल अस्पताल लेकर गए।

### चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में मिहिल का चयन

**सोनीपत।** 31 वीं नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 16 व 17 दिसंबर को शेखपुरा खालसा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में मिहिल और ख्वाहिश को अर्बन जूनियर ग्रुप में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। मिहिल को सर्टिफिकेट और पदक देकर सम्मानित किया गया।

### कुमासपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**सोनीपत।** मंगलम सारथी फाउंडेशन द्वारा गांव कामसपुर के पुराना दिशा अस्पताल में 24 दिसंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था संस्थापक लक्की रोहिला ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगाया जाएगा।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह शुरू

# हर विपरीत परिस्थिति में श्रीमद्भागवत गीता दिखाती है सही रास्ता : निर्मल

- विधायक निर्मल चौधरी ने किया गीता जयंती समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुभाष स्टेडियम में शुक्रवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि जीवन की हर विपरीत परिस्थिति में श्रीमदभागवतगीता सही रास्ता दिखाती है। हर व्यक्ति को गीता का अध्ययन करते हुए इसमें निहित संदेश को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत हवन-यज्ञ के साथ की गई। तदोपरांत मुख्य अतिथि विधायक निर्मल चौधरी व अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर गन्नौर नपा चेयरमैन अरूण त्यागी, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ राजपाल चहल, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, सरदार मोहन सिंह मनोचा, रविन्द्र सरोहा, नरेन्द्र भुटानी, सुभाष सिसोदिया आदि मौजूद रहे।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण।



**सोनीपत।** आर्ष गुरुकुल जुआं के स्टॉल पर लोगों को जानकारी देते हुए गुरुकुल संचालक आचार्य वेदनिष्ठ।

### गुरुकुल का स्टाल आकर्षण का केंद्र

गीता जयंती महोत्सव के दौरान आर्ष गुरुकुल जुआं का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। जहां पर गुरुकुल संचालक आचार्य वेदनिष्ठ के सानिध्य में आर्यवीरों ने स्टॉल का संचालन किया। इस दौरान जैविक खाद से तैयार चीजों के साथ-साथ गौमूत्र से तैयार की गई साबून, तेल लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में किया गया यज्ञ भी आचार्य वेदनिष्ठ द्वारा ही संपन्न करवाया गया।

### आज सुबह हवन, दोपहर को शोभायात्रा और सांयकाल होगा दीपोत्सव का आयोजन

23 दिसंबर को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन 23 दिसंबर को सुबह हवन-यज्ञ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दोपहर करीब दो बजे सेक्टर-15 स्थित जन जागृति धाम मंदिर से नगर शोभायात्रा की शुरूआत की जाएगी, जिसका समापन सुभाष स्टेडियम में ही होगा। साथ ही सांयकाल करीब साढ़े चार बजे सुभाष स्टेडियम में दीपोत्सव के भव्य आयोजन के साथ समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

## हरियाणा में दिल्ली की तर्ज पर मिलेंगी सुविधाएं : गुप्ता



**गन्नौर।** यात्रा के दौरान आप के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डा. सुशील गुप्ता, आप नेता महेन्द्र छिक्कारा व अनिल भारद्वाज।

- आप नेता महेन्द्र छिक्कारा के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत

**गन्नौर।** हरियाणा में परिवर्तन लाने के लिए आम आदमी पार्टी की परिवर्तन यात्रा वीरवार को गन्नौर में पहुंची। यात्रा का आम आदमी पार्टी के नेता व ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र छिक्कारा के नेतृत्व में आप के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डा. सुशील गुप्ता का काफी संख्या में कार्यकताअरं ने जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। यात्रा गन्नौर रेलवे स्टेशन से शुरू हुई और रेलवे रोड से होती हुई जी टी रोड पर आप नेता महेन्द्र छिक्कारा के कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आप की हरियाणा में सरकार आने के बाद शिक्षा, स्वास्थय, बिजली की सुविधा दिल्ली की तरह मिलेगी। हरियाणा में स्कूलों की हालत खराब है। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली, पंजाब की तरह हरियाणा भी बदलेगा। भाजपा सरकार धर्म, जाति के नाम पर लड़ाते है। किसान नाराज है। 750 से अधिक किसानों ने बार्डर पर शहादत दी। आज तक शोक प्रस्ताव पास नही किया। किसानों को बोला था कि हम एमएसपी की गारंटी का कानून लाएंगे। संसद में जिक्र तक नही किया। चुनाव में काला धन विदेशों से लाने के लिए कहा था। नही लाए। हम व्यवस्था चाहते है कि दिल्ली सरकार सब कुछ फ्री देने के बाद भी दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार 8 हजार 200 करोड़ रुपएं कमाती है। हरियाणा सरकार कुछ फ्री नही देती और 50 हजार करोड रुपएं सलाना बजट का घाटा है। अपने मित्रों को तो दुनिया का सबसे नम्बर वन आदमी बना दिया है। जनता को सोचना पड़ेगा और दिल्ली, पंजाब के बाद हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। इस मौके पर राई हलका प्रभारी अनिल भारद्वाज, सुनील दहिया, राकेश दहिया, कृष्ण शर्मा, ध्रुव भारद्वाज, आशीष प्राशर, राजेश सरोहा, महेन्द्र छिक्कारा, सरोजबाला आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- 143 सांसदों के निलंबन पर भाजपा सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कांग्रेस सोनीपत ने लघु सचिवालय, सोनीपत के पास संसद से विपक्ष के 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में पूर्व सांसद चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, गोहाना विधायक चौ. जगबीर सिंह मलिक, खरखौदा विधायक जयवीर बाल्मीकि, सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार, बरोदा विधायक इंदूराज नरवाल, मेयर निखिल मदान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने की। पूर्व सांसद चौ. धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि लोकतंत्र पर केंद्र की भाजपा सरकार ने अप्रत्याशित रूप से हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के करीब 143 सांसदों को निलंबित कर दिया है। इससे स्पष्ट होता है कि आमजन की आवाज को किस कद्र दबाने की कोशिश की जा रही है। पूर्व विधायक चौ. जयतीर्थ दहिया ने कहा कि इस तरह सांसदों को निलंबित कर देने से देश व प्रदेश के युवाओं की आवाज भाजपा दबा नहीं सकती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि बेशक भाजपा सरकार के इशारे पर सांसदों को निलबित कर दिया हो, लेकिन आज देश व प्रदेश का प्रत्येक जन भाजपा की जनविरोधी नीतियों के बारे में जान चुका है, वह दिन अब दूर नहीं जब देश व प्रदेश में कांग्रेस सुशासन की सरकार होगी।



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी विधायक एवं नेतागण।

# हिंदू संस्था का चुनाव कल, 43 प्रत्याशी मैदान में

- 4 पदों के लिए 9 तो 17 सदस्य पदों के लिए हैं 34 उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**ये उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव**

| पद | श्रीभगवान गुप्ता का पैनल | राजीव अग्रवाल का पैनल |
|---|---|---|
| प्रधान | श्रीभगवान गुप्ता | राजीव अग्रवाल |
| उपप्रधान | पवन मित्तल | राजेश मित्तल |
| महासचिव | रवि प्रकाश | अनुज मित्तल |
| कोषाध्यक्ष | पवन गोयल | जयकंवार जैन |

इनके अलावा महासचिव पद के लिए स्वतंत्र रूप से देवेंद्र कुमार मैदान में हैं।

जिले की सबसे पुरानी शिक्षण संस्थाओं में से एक द सोनीपत हिंदू एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसायटी के चार पदों के चुनाव के लिये मंच तैयार हो चुका है। रविवार यानि 24 दिसंबर को 887 सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे और 43 उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगें। इसमें से 9 उम्मीदवार 4 पदों के लिये मैदान में हैं, वहीं 34 उम्मीदवार 17 सदस्यों के लिये किस्मत आजमा रहे हैं। मजे की बात ये है कि पूरे चुनाव में श्रीभगवान गुप्ता और राजीव अग्रवाल के पैनल से ही प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसके कारण सिर्फ महासचिव पद को छोड़कर अन्य सभी पदों व सदस्यों के लिये दो-दो उम्मीदवार मैदान में हैं। महासचिव पद के लिये बिना किसी पैनल के देवेंद्र कुमार भी मैदान में हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

बता दें कि ढाई साल से संस्था के चुनाव लटके हुए हैं। ढाई साल पहले समय पर चुनाव ना हो पाने के कारण लटके चुनाव अब हो रहे हैं। इन चुनावों में श्रीभगवान गुप्ता और राजीव अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों की ओर से पैनल बनाकर 21-21 सदस्यों को मैदान में उतारा गया है। चुनाव जीतने के लिए दोनों ही पैनल पूरा जोर लगा रहे हैं। दोनों ही पैनल की तरफ से संस्था को आगे लेकर जाने का वायदा सदस्यों से कर रहे हैं। दोनों ही पैनल में शामिल सदस्य एक-एक सदस्य से व्यक्तिगत से मिलकर उनसे उनके पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। चुनाव में 887 सदस्य भाग लेंगे, यह सूची आरओ की तरफ से जारी की गई है। मतदाता सूची में करीब 223 सदस्य मृत चिन्हित किए गए हैं। मतदान हिंदू विद्यापीठ में सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। प्रत्येक सदस्य को मतदान करने के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। देवेंद्र कुमार किसी भी पैनल में शामिल नहीं होकर अकेले मैदान में उतरे हैं। वे महासचिव पद के लिए उम्मीदवार है। देवेंद्र पहले भी सउपप्रधान, महासचिव, कार्यकारिणी सदस्य के पद पर रह चुके हैं। देवेंद्र का कहना है कि संस्था का विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य है। इसलिए उन्होंने किसी पैनल में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया। उन्हें संस्था के विकास को लेकर योजना के बारे में बताते हुए समर्थन मांग रहे हैं। देवेंद्र कुमार 25 सालों से सोसायटी के साथ हैं और सोसायटी के 168 नये सदस्य बनाने में भी इनका योगदान रहा है।

## छात्रों को जर्सी व जुराब वितरित



गन्नौर। विधायक निर्मल चौधरी जर्सी वितरण करते हुए साथ में शिक्षक अनुपम रापरिया।

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी झझांरा में जरूरतमन्द बच्चों को शिक्षक अनुपम रापड़िया द्वारा आयोजित जर्सी वितरण कार्यक्रम में विधायक निर्मल चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक ने लगभग 50 बच्चों को जूते, जुराब, जर्सी वितरित किए। विधायक ने शिक्षक द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। चौधरी ने कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंद छात्रों की मदद करना सराहनीय काम है। स्कूल के जरूरतमंद छात्रों की मदद करनी चाहिए। मौके पर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, गन्नौर बार एसोसिएशन के प्रधान युद्धवीर रापड़िया, पूर्व प्रधान गौरव त्यागी, प्रिंसिपल राजबीर परासर, कमल सरपंच प्रतिनिधि, कर्मबीर सरपंच शेखपुरा ,भोपाल रापड़िया,महक फौगाट व स्कूल स्टाफ मौजूद था।

## सीएम विंडो पर पुलिस के रवैये की दी शिकायत

**खरखौदा।** स्थानीय निवासी राकेश ने उनके साथ हुए फर्जीवाड़े में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायत सीएम विंडों, पुलिस महानिदेशक व सोनीपत पुलिस कमिश्नर को भेजी है। जिसमें राकेश ने कहा है कि खरखौदा की इदगाह कालोनी में रहने वाले इस्लाम ने अपने साथी दिल्ली निवासी अफरोज खान व उसके दोस्त इस्लाम ने 209 वर्ग गज के प्लॉट को अपना बताकर उसे बेच दिया और फुल पेमेंट के तौर पर 11,49,500 ग्यारह लाख उनचास हजार पांच सौ रुपए की राशि ले ली। जबकि यह राशि उसने एलआईसी पॉलिसी पूरी होने के बाद मिली थी। जिसे दोनों आरोपियों ने धोखाधड़ी से हड़प लिया। उसे पुलिस थाने में बुलाया और एक आरोपी को ये कहकर छोड़ दिया कि वह अपने दोस्त को साथ लेकर आएगा। लेकिनकोई कार्रवाई नहीं की।

# जिले में पहुंची नैतिक शिक्षा की 38 हजार 262 पुस्तकें

- कक्षा 6 से 10वीं तक के लिए पहुंचीं हैं किताबें, वितरण जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय स्कूलों में सालों से बंद पड़े नैतिक शिक्षा विषय को फिर से चालू कर दिया गया है। हाल ही में प्री-बोर्ड परीक्षा में 10वीं कक्षा के हिंदी विषय के पेपर नैतिक शिक्षा से संबंधित 10 अंक के प्रश्न पूछे गए हैं। जिसके बाद से उम्मीद है कि वार्षिक परीक्षा में भी नैतिक शिक्षा के अंक के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इसी वजह से नैतिक शिक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी तैयारी में कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिये नैतिक शिक्षा की पुस्तकें भेजी गई हैं। डीपीसी कार्यालय में कुल 38 हजार से अधिक पुस्तकें भेजी गई हैं। बता दें कि राजकीय स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ संस्कार भी आएं, इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्कूलों में नैतिक शिक्षा को भी अनिवार्य किया है। इस विषय को कक्षा 6 से 10वीं तक लागू किया गया है।

हालांकि अभी तक स्कूलों में नैतिक शिक्षा की पुस्तकें नहीं भेजी गई थी, लेकिन स्कूल संचालक अपने स्तर पर ही विद्यार्थियों को कक्षा में नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ा रहे थे। जिला परियोजना समन्यक (डीपीसी) कार्यालय में कक्षा 6 से 10वीं तक की नैतिक शिक्षा की 38262 पुस्तकें पहुंची है। डीपीसी जितेंद्र छिक्कारा ने बताया कि इन पुस्तकों को चालू शैक्षणिक सत्र में ही स्कूलों में भेजा जाएगा।

# तहसील की टीम ने नपा को 95 रन से हराया

- प्रयास संगठन ने करवाया टी 20 क्रिकेट मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रयास संगठन के तत्वावधान में शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तहसील कार्यालय खरखौदा व नगरपालिका कार्यालय खरखौदा की टीमों के बीच टी-20 क्रिकेट मैच कराया गया। संगठन अध्यक्ष नवीन दहिया ने बताया कि उनका संगठन प्रति वर्ष लोगों को खेल-कूद व शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों व आमजन की अलग अलग टीमो के बीच ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। बिरला इंटरनेशनल स्कूल में हुए इस वर्ष के दूसरे मुकाबले में तहसील की टीम ने बाजी मारते हुए नगरपालिका की टीम को 95 रन से हराया। मुख्य अतिथि एवं बिरला स्कूल के चेयरमैन कुलदीप दहिया ने टॉस कराकर मुकाबले को औपचारिक शुभारंभ किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा के इस तरह के आयोजन नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम करेंगे, जो मैदान से कतराते हैं। नगरपालिका की टीम ने टॉस जीता व पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तहसील की टीम ने 9 विकट खोकर 20 ओवर मे 264 रन बनाए। सुमित पटवारी ने 36 गेंदों पर सर्वाधिक 77 रन बनाए। जिसके लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए नगरपालिका की टीम ने 18 ओवर मे सभी विकट खोकर 169 रन बनाए। तहसील टीम की तरफ से सुमित पटवारी ने गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 29 रन देकर 3 विकट लिए। चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरे नपा सचिव संदीप कुमार 9 बॉल पर 11 रन बनाकर रन आउट हुए। प्रयास संगठन अध्यक्ष नवीन दहिया ने जीतने वाली टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



**खरखौदा।** विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते नवीन दहिया

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## वार्ड 11 की गली में बिछाई जाएगी नई पाइपलाइन

# पेयजल समस्या का होगा स्थाई समाधान

- मेयर निखिल मदान ने किया विकास कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर निखिल मदान शुक्रवार को वार्ड 11 के चार मरला क्षेत्र में पहुंचें, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से मेयर निखिल मदान और निगम पार्षद इन्दु वलेचा का स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि चार मरला में हनुमान मंदिर के सामने वाली गली के लोग काफी दिनों से नियमित समय पर पेयजल आपूर्ति ना होने के कारण परेशान थे। इस गली में निगम द्वारा जाजल रेनीवेल से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति के लिए कोई पाइपलाइन नहीं बिछाई गई थी, जिसके चलते लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल रहा था। स्थानीय पार्षद इंदु वालेचा और अन्य लोगों के माध्यम से कुछ दिन पहले यह समस्या उनके संज्ञान में आई थी।

उपरोक्त विषय पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर निगम द्वारा 19 लाख रुपये की लागत से लगभग 500 मीटर लंबाई की नई पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू कर दिया गया है,इस नई पाइपलाइन को जाजल रेनीवेल वाली मुख्य लाइन से जोड़ा जाएगा और आगामी सप्ताह में क्षेत्रवासियों को नियमित तौर पर जाजल रेनीवेल से आने वाले पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक जवाहर चांदना और जीआर भोला ने नारियल तोड़कर विधिवत रूप से कार्य का शुभारंभ किया।

इस दौरान निगम पार्षद इंदु वलेचा, संजीव वलेचा, जवाहर चांदना, राजिंद्र चांदना, गौरव भोला, गंगा राम भोला, सुरेश भारद्वाज, अशोक अरोड़ा, वेद प्रकाश मदान, सुरेंद्र खन्ना, अशोक, लक्ष्मण, संजय मुंजाल, गोपाल, संजय, कृष्ण, चंद्रकला, राजरानी, कीर्ति, सरोज, रितु आदि लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए बुजुर्ग, साथ में मेयर निखिल मदान एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

# सफाई कर्मियों की हड़ताल गाली-गलौज का आरोप



- थाने में पीसीसी कंपनी के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** पीसीसी कंपनी में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने सुबह काम छोड़ कर हड़ताल की और सेक्टर 27 थाने में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन प्रधान अजय कुमार टॉक ने किया, वहीं संचालन यूनियन सचिव मुकेश टाक ने किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी के फील्ड ऑफिसर और सुपरवाइजर ने सुबह 8 बजे वॉर्ड नंबर 5 में सफाई कर्मचारियों के साथ गालीगलौच किया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी किया। इसकी शिकायत सेक्टर 27 थाने में की गई है। इस दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। इससे पहले भी इस तरह की हरकतें कंपनी के अधिकारियों द्वारा की जा चुकी है। सोमवार को नगर निगम आयुक्त को भी लिखित में शिकायत देकर मामले की पूरी जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर यूनियन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। अनिल यूनियन उपप्रधान, मदन, अमित टॉक, सावन, विकास, रविंद्र, सुमित्रा, सुनिता सीटू, वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी कर्मचारियों को थाने के बाहर संबंधित किया।